आतंकवादी और विध्वंसक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ।

1196. **श्री मोहम्मद अफ़जल उर्फ मीम अफ़जल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आतंकवादी और विध्वंसक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत 6-12-92 से 30-6-93 तक राज्यवार कितने व्यक्ति गिरफ्तार किए गए; और

(ख) 30-6-93 को प्रधानमंत्री द्वारा इन गिरफ्तारियों पर दिए गए पुनर्विचार आदेश पर राज्यवार कितने-कितने व्यक्ति रिहा किए गए ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जनवरी से मार्च, 1993 तक की अवधि के दौरान की गयी गिरफ्तारियों के बारे में राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना और भारत सरकार के पास उपलब्ध सूचना संलग्न विवरण में दी गयी है । **(नीचे देखिए)**

(ख) भारत सरकार ने राज्यों और संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों से टाडा के अन्तर्गत की गई सभी नजरबंदियों के मामलों की गुण-दोष के आधार पर समीक्षा करने और आगे तत्काल उपयुक्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है । रिहा किए गए नजरबंद व्यक्तियों के बारे में आंकड़े उपलब्ध नहीं है ।

विवरण

क्र॰ सं॰	राज्य का नाम	टाडा के अधीन गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	188
2.	अरूणाचल प्रदेश	शून्य
3.	असम	245
4.	बिहार	शून्य
5.	गुजरात	1409
6.	हरियाणा	34
7.	हिमाचल प्रदेश	4
8.	जम्मू और कश्मीर	84
9.	महाराष्ट्र	267
10.	मध्य प्रदेश	15
11.	पंजाब	267
12.	राजस्थान	1
13.	त्रिपुरा	शून्य
	योग :	2514

Rise in Cases of Theft of Vehicles

1197. **SHRI V. NARAYANASAMY**
SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is constant rise in the cases of theft of vehicles in Delhi;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is also a fact that there is decline in cases of recovery of vehicles; and

(d) what measures Government have adopted to check the rise in the incidents of theft of vehicles ?

Year	Vehicles stolen	Vehicles recovered
1990	2699	1500
1991	2930	1587
1992	3322	1677
1993 (upto 30-6-93)	1668	768

(d) The measures taken to check theft of vehicles include intensification of patrolling; laying of traps by Anti-Auto Theft Squads; maintenance of a close watch over the activities of motor vehicle thieves; deploying of staff in plain clothes in crime prone areas; and, educating public to have safety devices installed in their vehicles.

रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली थानांतर्गत अपहरण और बलात्कार के मामले

1198. **श्री गया सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रामकृष्ण पुरम थाना, नई दिल्ली के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान अपहरण एवं बलात्कार के ऐसे अपराधों की संख्या कितनी है जिनमें स्थानीय पुलिसकर्मी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त थे;

(ख) कितने पुलिस कर्मियों को कानूनी अदालतों ने सजा दी है और कितने पुलिस कर्मियों को निलम्बित अथवा बर्खास्त किया गया है;

(ग) क्या यह सच है कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय